यूटीयू शुरू करेगा बीटेक सिविल और बीसीए कोर्स

विज्ञान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित बच्चे। स्रोत : विश्वविद्यालय

माई सिटी रिपोर्टर

देहरादून। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) के परिसर संस्थान आईटी बौन उत्तरकाशी में बीटेक सिविल इंजीनियरिंग और अन्य कैंपस संस्थानों में बीसीए पाठ्यक्रम आगामी सत्र से शुरू किया जाएगा।

परिसर संस्थान में बुधवार को विवि के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के कार्यक्रम में यह घोषणा की। इस अवसर पर संस्थान में छात्रों के लिए क्विज व सेमिनार हुआ।

कुलपति ने कहा कि नोबल पुरस्कार प्राप्त भारतीय वैज्ञानिक डॉ. सीवी रमन के द्वारा की गई रमन प्रभाव की खोज के उपलक्ष्य में यह दिवस धूमधाम से मनाया जा रहा है। हम सबको वैज्ञानिक डॉ. रमन के पदचिह्नों पर आगे बढ़ना चाहिए। इस अवसर पर डॉ. एचएस भदौरिया, राकेश चंद्र, डॉ. दीपक नेगी, प्रमोद बिजल्वाण आदि उपस्थित रहे।

प्रौद्योगिकी संस्थान बौन में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर वीसी ने की घोषणा

दो विद्यालय गोद लेकर किया उत्कृष्ट कार्य

कुलपति ने कहा कि प्रौद्योगिकी संस्थान बौन उत्तरकाशी को प्रदेश का उत्कृष्ट इंजीनियरिंग संस्थान बनाने का लक्ष्य विवि ने निर्धारित किया है। वर्तमान में इस परिसर संस्थान की ओर से दो विद्यालयों को गोद लेकर सराहनीय कार्य किया है, जोकि विवि के विजन में मौजूद है। यही नहीं, विवि के सभी संबद्ध संस्थानों को अपने नजदीक में आने वाले दो-दो विद्यालयों को गोद लेने का लक्ष्य रखा है।

एचएसबीएस में मनाया गया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

जौलीग्रांट। हिमालयन स्कूल ऑफ बायो साइंसेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर पोस्टर, मॉडल, रंगोली, क्विज का आयोजन किया गया। संवाद